# उत्तराखंड विधान सभा

## प्रथम सत्र 2026

## 13 मार्च, 2026

----

**[पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन - कृषि मंत्रालय ].**

**कुल प्रश्न 18**

----

### उत्तराखंड में घेर-बाड़ योजना के क्रियान्वयन, लाभार्थियों, भुगतान स्थिति एवं बजट आवंटन के संबंध में।

*1 **श्री बृजभूषण गैरोला (डोईवाला ):**

**कृषि मंत्रालय** क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि पशुओं और जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा हेतु उत्तराखण्ड सरकार द्वारा घेर-बाड़ योजना चलायी जा रही है? यदि हां, तो पिछले 03 वर्षों में कितने किसानों ने अपने खेतों की सुरक्षा के लिए घेर-बाड़ योजना का लाभ लिया है तथा कितने किसानों का लम्बे समय से भुगतान नहीं हो पाया है? क्या यह सत्य है कि उक्त घेर-बाड़ योजना में 50 प्रतिशत सब्सिडी राज्य सरकार की ओर से दी जाती है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा घेरबाड़ योजना हेतु कुल कितने बजट की व्यवस्था की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

### उपनल कर्मचारियों को नियमित करने संबंधी मा0 मुख्यमंत्री की घोषणा और वर्तमान कार्यवाही की स्थिति के संबंध में।

*2 **श्री उमेश कुमार पत्रकार (खानपुर ):**

**कृषि मंत्रालय** क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा उपनल कर्मचारियों को नियमित किये जाने की घोषणा को कब तक पूर्ण किया जायेगा?

क्या मंत्री जी वर्तमान में सरकार द्वारा की गयी कार्यवाही से अवगत कराते हुए उपरोक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत लाभान्वित किसानों की संख्या, समस्याओं का निस्तारण एवं प्रशिक्षण की स्थिति के संबंध में।

*3 **श्री सुरेश गढ़िया (कपकोट ):**

**कृषि मंत्रालय** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ‘‘विकसित कृषि संकल्प अभियान‘‘ के माध्यम से कितने किसानों को लाभान्वित किया गया है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत ‘‘विकसित कृषि संकल्प अभियान‘‘ के माध्यम से कितने किसानों को लाभान्वित किया गया है और इस अभियान के तहत कितने किसानों की समस्याओं का निस्तारण किया गया तथा कितने किसानों को प्रशिक्षण दिया गया है? क्या सरकार तत्सम्बन्धी सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं एवं रोजगार से जुड़े लाभार्थियों की स्थिति एवं भविष्य की कार्ययोजना के संबंध में।

*4 **श्री सुरेश गढ़िया (कपकोट ):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन** क्या कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना के माध्यम से आतिथि तक कितने युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है एवं उक्त योजना के माध्यम से प्रदेश में कितने युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया है? क्या सरकार जनहित में मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## राज्य में अतिवृष्टि से हुई फसल एवं बागवानी नुकसान प्रभावित भूमि एवं किसानों को प्रदान किए गए मुआवजे के संबंध में।

*5 **श्री बृजभूषण गैरोला (डोईवाला ):**

**कृषि मंत्रालय** क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि राज्य में अतिवृष्टि से फसलों व बागवानी को अत्यधिक नुकसान हुआ है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में अतिवृष्टि से कुल कितने हैक्टेयर भूमि पर कृषि फसलों को नुकसान हुआ है तथा केन्द्र सरकार के आपदा मानक के अनुसार कितना प्रतिशत फसल नुकसान की श्रेणी में आता है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सरकार द्वारा राज्य के कितने किसानों को अतिवृष्टि

से हुए नुकसान का मुआवजा दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश में पशुपालकों के लिए संचालित योजनाएँ, अनुदानित चारा एवं पशु आहार की उपलब्धता और दरों के संबंध में।**

*6 **श्री प्रीतम सिंह पंवार (धनौल्टी ):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन** क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पशुपालन को सुदृढ़ आर्थिकी से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा पशुपालकों के लिए कौन-कौन सी योजनाएं संचालित की गयी हैं? क्या सरकार बतायेगी कि पशुपालकों को अनुदान पर चारा और पशु आहार उपलब्ध कराया जा रहा है? यदि हां, तो चारा और पशु आहार की कौन-कौन सी किस्में और उनकी रियायती दरें क्या हैं? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश में दुग्ध उत्पादन, खपत, दुग्ध उत्पादन समितियों की स्थिति एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए लागू योजनाओं तथा आंचल ब्रांड से होने वाले वार्षिक कारोबार के संबंध में।**

*7 **श्री बृजभूषण गैरोला (डोईवाला ):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन** क्या दुग्ध विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य की जनसंख्या के अनुपात के अनुसार प्रदेश में दुग्ध उत्पादन काफी कम हो रहा है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन का औसत एवं उसकी खपत कितनी है तथा प्रदेश में वर्तमान समय में कितनी दुग्ध उत्पादन समितियां हैं? क्या सरकार द्वारा राज्य में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कोई योजना बनायी गयी है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि आंचल ब्रांड दूध व उससे तैयार विभिन्न उत्पादों से सालाना कितने धनराशि का कारोबार होता है?

----

**ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध डेयरी विकास, उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पाद उपलब्धता एवं मिलावट रोधी कार्रवाई के संबंध में।**

**"एक से अधिक विभागों से सम्बद्ध होने के कारण निरस्त"**

*8 **श्री सुरेश गढ़िया (कपकोट ):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन** क्या दुग्ध विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादकों के लिए दुग्ध डेयरी को अन्य व्यवसाय के रुप में विकसित कर आय के अवसर उपलब्ध करने के लिए कोई ठोस पहल या कार्य योजना गतिमान है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में उपभोक्ताओं को

उत्तम गुणवत्ता का दूध और दुग्ध निर्मित सामग्री उपलब्ध कराने के साथ-साथ उचित दरों पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा कोई योजना संचालित की गयी है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि विगत 3 वर्षों मंे दूध और दुग्ध निर्मित सामग्री में मिलावट करने वाले दोषियों के खिलाफ विभाग द्वारा क्या-क्या कार्यवाई की गयी है, का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में बेसहारा गायों के संरक्षण, गौशालाओं के निर्माण एवं किसानों की फसलों की सुरक्षा के संबंध में।**

**"एक से अधिक विभागों से सम्बद्ध होने के कारण निरस्त"**

*9 **श्री महेश जीना (सल्ट):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन** क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में बेसहारा घूम रही है गाय, बैलों के संरक्षण हेतु कितने गौशालाओं का निर्माण कराया गया है? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों में गायों की अत्यधिक दुदर्शा हो रही है तथा पर्वतीय क्षेत्र के लोगों के द्वारा गायों को वृहद् रुप में आवारा छोड़ने से किसानों की फसलों को अत्यधिक नुकसान हो रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार बेसहारा गायों को आश्रय देने हेतु गौशालाओं का निर्माण कर समुचित व्यवस्था करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रदेश में छोटी-छोटी नदियों मे कितने सरोवर का मत्स्य पालन हेतु विकास, अल्मोड़ा सल्ट क्षेत्र में स्वरोजगार सृजन एवं स्थानीय मत्स्य पालन को आय का प्रमुख स्त्रोत बनाने की योजना के संबंध में।**

*10 **श्री महेश जीना (सल्ट):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन** क्या मत्स्य पालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पहाड़ों से निकलने वाली छोटी-छोटी नदियों में मत्स्य पालन के लिए आतिथि तक कितने सरोवर चयनित और विकसित किये गये हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट में मत्स्य पालन को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए आतिथि तक कितने महिला मंगल दल, युवा मंगल दल व ग्रामीणों को रोजगार दिया गया है? क्या सरकार मत्स्य पालन को स्थानीय निवासियों व समूहों को स्वरोजगार हेतु मुख्य रूप से आय का स्त्रोत बनायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## विधायक निधि से निर्मित सड़क मार्गों की स्थिति, रख-रखाव एवं लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरण के संबंध में।

***11 श्रीमती सरिता आर्या (नैनीताल ):**

**कृषि मंत्रालय** क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में आतिथि तक कई सड़क मार्गों का निर्माण विधायक निधि से किया गया है? क्या यह भी सत्य है कि विधायक निधि से निर्मित सड़क मार्गों का रख-रखाव नहीं होने से ये मार्ग स्थानीय जनता के लिए यातायात हेतु अनुकूलित नहीं है? क्या सरकार प्रदेश में विधायक निधि से निर्मित सभी सड़क मार्ग लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## जनपद अल्मोड़ा सल्ट क्षेत्र के उद्यान सचल केंद्रों में अधिकारियों और सहकर्मियों की नियुक्ति के संबंध में।

***12 श्री महेश जीना (सल्ट ):**

**कृषि मंत्रालय** क्या उद्यान एवं फलोद्योग मंत्री अवगत हैं कि जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र सल्ट के अन्तर्गत मछोड़, सल्ट स्याल्दे व देघाट में उद्यान सचल दल केन्द्र स्थापित है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हैं कि उक्त उद्यान सचल केन्द्रों में एक भी उद्यान अधिकारी एवं सहकर्मी तैनात नहीं है? क्या सरकार जनहित में सभी उद्यान सचल केन्द्रों में अधिकारियों एवं सहकर्मियों की नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## वर्ष 2024-2025 एवं 2025-2026 में चीनी मिलों द्वारा गन्ना मूल्य भुगतान की स्थिति एवं शेष भुगतान के संबंध में।

***13 श्रीमती ममता राकेश (भगवानपुर ):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन** क्या गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष, 2024-2025, 2025-2026 तक का चीनी मिलों द्वारा किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान कर दिया गया है? क्या मंत्री जी के संज्ञान में है कि कुछ मिलों द्वारा आतिथि तक किसानों को पूर्ण भुगतान नहीं किया गया है? यदि हां, तो शेष भुगतान किसानों को कब तक किया जायेगा? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि किन-किन चीनी मिलों पर किसानों का कितना-कितना भुगतान शेष है?

----

## जनपद पिथौरागढ़ स्थित बिण कुक्कुट फार्म की भूमि अधिग्रहण, भुगतान स्थिति एवं प्रकरण की जांच के संबंध में।

***14 श्री मयूख सिंह महर (पिथौरागढ़ ):**

**पशुपालन, दुग्ध विकास' मत्स्य पालन, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, प्रोटोकॉल, कौशल विकास, सेवायोजन** क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में स्थित बिण कुक्कुट फार्म कितने नाली भूमि में बना है एवं उक्त कुक्कुट फार्म हेतु कितनी सरकारी भूमि और कितनी नाप भूमि अधिग्रहित की गयी है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सरकार द्वारा द्वारा भू-स्वामी को नाप भूमि का भुगतान किया गया है? क्या मंत्री जी बिण कुक्कुट फार्म निर्माण में अधिग्रहित भूमि सम्बन्धी प्रकरण की यथाशीघ्र जांच कराकर जांच आख्या सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## प्रदेश में पॉलीहाउस योजना में भ्रष्टाचार की शिकायतों पर की गई कार्रवाई और आख्या के संबंध में।

***15 प्रदीप बत्रा (रूड़की ):**

**कृषि मंत्रालय** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पॉलीहाउस योजना में भ्रष्टाचार की शिकायतों पर सरकार द्वारा आतिथि तक क्या कार्रवाई की गयी है? क्या मंत्री जी उपरोक्त प्रकरण पर की गयी कार्रवाई की आख्या सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र रुड़की में मनरेगा योजना में प्राप्त भ्रष्टाचार शिकायतें एवं उनकी कार्रवाई की स्थिति के संबंध में।

**“उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-42 के अन्तर्गत निरस्त**

***16 प्रदीप बत्रा (रूड़की ):**

**कृषि मंत्रालय** क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र रुड़की के तहसील रुड़की के अन्तर्गत मनरेगा में भ्रष्टाचार की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं तथा उक्त शिकायतों पर आतिथि तक क्या-क्या कार्यवाही हुई है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

## प्रदेश में महिला समूहों द्वारा संचालित इन्दिरा अम्मा कैंटीन के संचालन की वर्तमान स्थिति एवं उसके पुनः संचालन के संबंध में।

**“प्रथम बुद्धवार के तारांकित प्रश्न सं0-10 से स्थानान्तरित”**

***17 श्री संजय डोभाल (यमुनोत्री ):**

**कृषि मंत्रालय** क्या ग्राम्य विकास मंत्री को ज्ञात है कि प्रदेश पूर्व में महिला समूहों द्वारा इन्दिरा अम्मा कैंटीन संचालित की जा रही थी? क्या यह सत्य है कि गत वर्षों से इन्दिरा अम्मा कैंटीन संचालित नहीं हो रही है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि महिला समूहों द्वारा इन्दिरा अम्मा कैंटीन संचालित न कराये जाने के क्या कारण हैं? क्या सरकार प्रदेश में महिला समुहों के माध्यम से इन्दिरा अम्मा कैंटीन का संचालन पुनः प्रारम्भ करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत जनपद रुद्रप्रयाग के केदारनाथ विधानसभा क्षेत्र की हाट-बष्टी मोटर मार्ग पर मन्दाकिनी नदी के ऊपर निर्माणाधीन पुल का कार्य अवरुद्ध होने एवं उसे पुनः प्रारम्भ कराने के संबंध में।**

**"प्रथम मंगलवार के तारांकित प्रश्न सं0- 13 से स्थानान्तरित"**

***18 श्रीमती आशा नौटियाल (केदारनाथ):**

**कृषि मंत्रालय** क्या ग्राम्य विकास मंत्री को जानकारी है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत जनपद रुद्रप्रयाग के केदारनाथ विधान सभा क्षेत्र की हाट-बष्टी मोटर मार्ग पर मन्दाकिनी नदी के ऊपर निर्माणाधीन पुल का कार्य अवरुद्ध पड़ा है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त निर्माणाधीन पुल का कार्य अवरुद्ध होने के क्या कारण हैं? क्या सरकार जनहित को दृष्टिगत रखते हुए उक्त अवरुद्ध पुल का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----